दिनांक 3 अक्टूबर 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

चंपा के फूलों की खुशबू से महकेगा केनाल रोड , सात वार्डों से होकर गुजरने वाली सड़क की लंबाई 3 किलोमीटर, नंदिनी अहिवारा की ओर जाने वाले लोगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी, ट्रैफिक समस्या से काफी हद तक मिलेगा निजात

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत लगभग 28 करोड़ की लागत से केनाल रोड का तीव्र गति से निर्माण किया जा रहा है, डबरा पारा से ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाली रोड के समीप दुर्गा मंदिर क्षेत्र से शुरुआत होने वाला यह सड़क सीधे नंदनी रोड में जाकर मिलता है , सड़क के बीचो-बीच डिवाइडर बना हुआ है जिसके नीचे से दो बड़ी पाइपलाइन बिछाई गई है जो केनाल के पानी को आगे की ओर गति देगी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कार्य का निरीक्षण किया, केनाल रोड में शोभायमान पौधे रोपित किए जा रहे हैं , डिवाइडर में चंपा लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहीं इसके अलावा ट्रीमेंलिया एवं जल्द बढ़ने वाले कोनोकार्पस जैसे पौधे रोपित किए जा रहे हैं , केनाल रोड की सुंदरता बढ़ाने आकर्षक रंग , रोगन के साथ ही हेज भी लगाया जा रहा है। इस मार्ग से लोग आवाजाही भी कर रहे हैं। शिवाजी नगर जोन के अधिकारियों का मानना है कि 30 अक्टूबर तक इस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा , आंशिक रूप से ही कुछ कार्य शेष रह गए हैं। सड़क के किनारे प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत पोल लगाया गया है। सड़क निर्माण के सभी कार्यों पर तीव्रता के साथ कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े एवं उप अभियंता चंद्रकांत साहू मौजूद रहे।

7 वार्डों से होकर गुजरता है केनाल रोड केनाल रोड खुर्सीपार क्षेत्र के 7 वार्डों से होकर गुजरता है , वार्ड क्रमांक 31 दुर्गा मंदिर से शुरुआत होते हुए वार्ड क्रमांक 32, 33, 34, 35, 36 एवं 37 के वार्ड से होकर सीधे नंदिनी रोड में मिलता है। इन वार्ड क्षेत्र के लगभग 40,000 नागरिकों को इस सड़क की सुविधा का लाभ मिलेगा। नेशनल हाईवे के 2 मुख्य चौक से नंदिनी , अहिवारा की ओर जाने वालों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी नेशनल हाईवे के डबरा पारा चौक से होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर की ओर दुर्गा मंदिर स्कूल से केनाल रोड प्रारंभ होता है , वही हाईवे से खुर्सीपार गेट के चौक से केनाल रोड की कनेक्टिविटी है। इस सड़क का उपयोग करते हुए नेशनल हाईवे से सीधे केनाल रोड होते हुए नंदनी रोड का मार्ग अपनाते हुए , पावर हाउस मार्केट की ओर , बैकुंठ धाम क्षेत्र , हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र , घासीदास नगर क्षेत्र , नंदिनी अहिवारा , एससीसी औद्योगिक प्लांट, जामुल रोड की ओर जा सकते हैं। इस मार्ग की ओर जाने वाले नागरिकों को ट्रैफिक समस्या का कम सामना करना पड़ेगा। अंडरग्राउंड पाइप लाइन से तालाबों को भरने की योजना शिवाजी नगर जोन के कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े ने बताया कि डिवाइडर के ठीक नीचे दो बड़ी पाइपलाइन बिछाई गई जो आगे नंदनी रोड को क्रॉस करते हुए शीतला कांप्लेक्स की ओर जाती है , शीतला कांप्लेक्स जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर क्षेत्र के अंतर्गत आता है , इस क्षेत्र में बड़ा नाला है।

जिसके माध्यम से कैंप क्षेत्र के तालाबों को भरा जा सकता है , उन्होंने बताया कि इस पर कार्य योजना बना ली गई है।